बरेली, सोमवार
8 सितंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# रिद्धिमा में 'शक्तिरूपेण संस्थिता' का आयोजन

जासं, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति के रूप में 'शक्तिरूपेण संस्थिता' का आयोजन हुआ। इसमें संस्थान के कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने आगामी नवरात्रि से पहले शक्ति रूपेण देवियों की आराधना का मंचन किया। 'शक्तिरूपेण संस्थिता' का आरंभ कथक के विद्यार्थियों ने गणपति आराधना 'गाये गणपति जग वंदन' से किया। इसके बाद 'भवानी दयानी', 'या चांदी', 'नमो देवी अनंता रूपिनी' और 'ओम जयंती मंगला काली' पर भी अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर देवी की आराधना की।

कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा ने 'जय जय जय जननी', कथक गुरु देबाज्योति नस्कर ने 'जय मां दुर्गे भवानी दयानी' और कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने 'नारी अगिरी नंदिनी' पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतिम प्रस्तुति 'जय जय जय हे महिषासुर मर्दिनी' पर तीनों कथक गुरु एक साथ मंच पर आए। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, आशीष कुमार आदि रहे।